## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–09.11.2024 (संध्या 1900 बजे)

### मुख्य समाचार

1. 13 नवंबर को होनेवाले पहले चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार चरम पर, पक्ष और विपक्ष के नेताओं का एक दूसरे पर आरोप– प्रत्यारोप जारी।
2. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल बोकारो और गुमला में चुनावी सभा को करेंगे संबोधित, रांची में होगा रोड शो।
3. सीपीआईएम का घोषणा पत्र जारी, किसानों और मजदूरों से जुड़े मुद्दों को दी गयी प्राथमिकता।
4. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निजी सचिव सुनील श्रीवास्तव के आवास सहित कई ठिकानों पर आयकर विभाग ने की छापेमारी, कांग्रेस और झामुमो ने लगाया बीजेपी पर एजेंसी के दुरूपयोग का आरोप।

****************

झारखंड में चुनाव प्रचार चरम पर है। एनडीए और इंडिया गठबंधन के नेता मतदाताओं को लुभाने के लिए राज्यों का दौरा कर रहे हैं।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज पलामू के छतरपुर मुख्यालय स्थित हाई स्कूल मैदान में छतरपुर से भाजपा उम्मीदवार पुष्पा देवी के पक्ष में विजय संकल्प सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को देश की सबसे ज्यादा भ्रष्ट सरकार बताया।

श्री शाह ने जमशेदपुर के जुबली पार्क गेट के पास से साकची बाजार तक रोड शो किया। उन्होंने जमशेदपुर पूर्वी के प्रत्याशी पूर्णिमा दास और जमशेदपुर पश्चिमी के प्रत्याशी सरयू राय के समर्थन में वोट देने की अपील की। वहीं उन्होंने हजारीबाग के लोगों से सरकार बनने के नब्बे दिनों के अंदर हवाई अड्डा के लिए भूमि पूजन का आश्वासन दिया।

****************

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज धनबाद और जमशेदपुर में आयोजित चुनाव सभा को संबोधित किया। धनबाद में उन्होंने इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जलेश्वर महतो के पक्ष में वोट मांगा।

वहीं जमशेदपुर में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने बीजेपी पर समाज को धर्म के नाम पर बांटने का आरोप लगाया। कहा कि कांग्रेस गरीबों की रक्षा करती रहेगी।

****************

इधर बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी पलामू के विश्रामपुर में एनडीए प्रत्याशी रामचंद्र चंद्रवंशी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने महागठबंधन की सरकार पर लोगों को ठगने का आरोप लगाया।

वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने खूंटी में चुनावी सभा में एक साल में दो एलपीजी सिलेंडर मुफ्त दिए जाने का वादा किया।

****************

लोहरदगा में आजसू सुप्रीमों सुदेश महतो ने कुडू प्रखंड में रोड शो कर एनडीए उम्मीदवार नीरू शांति भगत के पक्ष में मतदान करने की अपील की .

****************

झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज बहरागोड़ा और खरसावां विधानसभा क्षेत्र में महागठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में वोट मांगा। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि महागठबंधन सरकार ने समाज के सभी वर्ग के लोगों का ध्यान रखा।

**साउंड बाइट–– हेमंत सोरेन–– 17 सेकेंड**

इधर गढ़वा जिले के भवनाथपुर में आज राजद के स्टार प्रचारक तेजस्वी यादव ने इंडिया गठबंधन झामुमो के प्रत्याशी अनंत प्रताप देव के समर्थन में चुनावी सभा की।

****************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विधानसभा चुनाव प्रचार को लेकर दूसरी बार कल झारखंड के एकदिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। भाजपा के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने बताया कि श्री मोदी एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में बोकारो और गुमला में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा वे रांची में रोड शो भी करेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी के झारखंड दौरे को लेकर विशेष सुरक्षा समूह, एसपीजी की टीम ने रांची में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

****************

झारखंड विधानसभा चुनावों के लिए सीपीआई(एम) ने आज रांची में अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के घोषणा पत्र में किसानों और मजदूरों के हितों को प्राथमिकता दी गई है।

घोषणा पत्र जारी करते वक्त पूर्व सांसद वृंदा करात सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। पत्रकारों को संबोधित करते हुए वृंदा करात ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा।

****************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा चुनाव में हर मतगणना केंद्र सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेंगे। उन्होंने कहा कि पारदर्शी और त्रुटिहीन मतदान संपन्न कराना निर्वाचन आयोग की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक राज्य में 1 अरब, 66 करोड़, 82 लाख की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गयी है।

****************

आयकर विभाग ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नजदीकी और निजी सचिव सुनील श्रीवास्तव के आवास और उनसे जुड़े लोगों के ठिकानों पर आज छापेमारी की है। यह छापेमारी रांची और जमशेदपुर के लगभग नौ जगहों पर चल रही है। आयकर की टीम सीआरपीएफ जवानों के साथ छापेमारी कर रही है। इधर, प्रदेश कांग्रेस के नेता राकेश सिन्हा ने कहा है कि भाजपा आईटी और ईडी का दुरूपयोग कर रही है।

वहीं, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा पर एजेंसियों के दुरूपयोग का आरोप दोहराया है।

इधर, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा है कि चुनाव में पैसों के दुरुपयोग की सूचना पर जहां भी एजेंसियों को सबूत मिलते हैं, वहां कार्रवाई होती है।

*******समाप्त*******